संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 4.....दिनांक 1...5......2021

# परिवार के लोग होम क्वारेंटाइन थे और पड़ोसी ने घर की दीवार तोड़ दी

## पैलेस रोड के परिवार ने अधिकारियों को की शिकायत, कार्रवाई नहीं हुई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-5-2021

पैलेस रोड निवासी एक परिवार के दो सदस्य कोरोना पॉजिटिव आने पर पूरे परिवार को क्वारेंटाइन किया गया था। इसी का फायदा उठाते हुए पड़ोसी ने उनके मकान की दीवार तोड़ दी। पीड़ित परिवार ने इसको लेकर कई अधिकारियों को शिकायत भी कर दी है।

पैलेस रोड निवासी पंकज पंवार ने बताया कि 19 मार्च को उनकी पत्नी व 21 मार्च के वे पॉजिटिव हुए थे। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे और परिवार के अन्य सदस्य क्वारेंटाइन थे। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले ने उनकी दीवार तोड़ दी।

### विज्ञप्ति जारी करवाई तब भी काम नहीं रोका

जानकारी मिलने पर मेडिकल कॉलेज से परिचित को फोन लगाकर 23 मार्च को विज्ञप्ति भी जारी करवाई थी, लेकिन उसके बावजूद उनके द्वारा काम नहीं रोका गया। स्वस्थ हो कर लौटने के बाद निगम, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से समक्ष पहुंच कर शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने पड़ोसी पर आरोप लगाया कि उनकी पैतृक दीवार को तोड़ दिया और अभी भी काम चल रहा है। जबकि पड़ोसी ने इसकी परमिशन भी नहीं ले रखी है। परिवार के सभी लोग बीमार होने के साथ ही 9 मई को बेटी की शादी थी। इन सब के बीच पड़ोसी परेशान कर रहा। इस कारण शादी आगामी समय के लिए भी बढ़ाना पड़ेगी। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की है।

# नाली नहीं हो रही साफ, रहवासी परेशान

रतलाम | कोरोना महामारी के बीच धानमंडी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से नालियों की सफाई नहीं हो रही है। बदबू व मच्छरों से लोग परेशान हो रहे हैं। वार्ड 49 के रहवासी लालचंद नाथानी, पप्पू भाई, राकेश जैन सहित अन्य ने निगम प्रशासन से नालियों की सफाई करने की मांग की।



**कोरोना में प्रॉपर्टी बाजार को राहत** • दूसरी बार बढ़ाई नई गाइडलाइन लागू होने की तारीख, पहले 1 अप्रैल से बढ़ाकर 1 मई किया था

# अब 30 जून तक वर्तमान गाइडलाइन से ही होंगी रजिस्ट्रियां

**महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर मिलेगी दो फीसदी की छूट का लाभ भी मिलता रहेगा**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रॉपर्टी बाजार के लिए शुक्रवार को एक राहत की खबर आई है। वह यह कि नई गाइडलाइन फिलहाल लागू नहीं हो रही है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रदेश सरकार ने वर्तमान गाइडलाइन को ही 30 जून तक के लिए आगे बढ़ा दिया है। यानी तब तक लोग यदि रजिस्ट्री कराते हैं तो उन्हें पुरानी गाइडलाइन से ही स्टाम्प ड्यूटी लगेगी।

हर साल नए वित्तीय वर्ष यानी अप्रैल से गाइडलाइन बढ़ती है लेकिन कोरोना संक्रमण और फिर मार्च में पूरे प्रदेश में रही सर्वर की दिक्कत को देखते हुए पहले एक महीने गाइडलाइन आगे बढ़ाई। इससे नई गाइडलाइन एक मई से लागू होना थी लेकिन फिर कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ा और फिर 9 अप्रैल से ही लॉकडाउन लग गया। इससे जिन लोगों को रजिस्ट्री कराना थी वो नहीं करा पाए और रजिस्ट्रियां अटक गईं। इसके बाद से ही लगातार लॉकडाउन है। इससे कोरोना में प्रॉपर्टी बाजार और लोगों को राहत देने के लिए प्रदेश सरकार ने 30 जून तक वर्तमान गाइडलाइन से ही रजिस्ट्री करने का फैसला लिया है। यानी तब तक लोग रजिस्ट्री कराएंगे तो उनकी रजिस्ट्री पुरानी गाइडलाइन से ही होगी।

## महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर दो फीसदी छूट का लाभ भी मिलता रहेगा

गाइडलाइन में तो सरकार ने राहत दी ही है। वहीं महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर भी दो फीसदी छूट का लाभ भी मिलता रहेगा। यह छूट भी 30 जून तक मिलती रहेगी। अभी रजिस्ट्री कराने पर 12.50 फीसदी स्टाम्प शुल्क लगता है लेकिन महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर यह 10.50 फीसदी ही लगेगा। महिलाओं के नाम पर दस लाख रुपए के प्लॉट की रजिस्ट्री कराने पर 20 हजार रुपए की बचत होगी।

## 46 कॉलोनियों में 80% तक महंगी होना है जमीन

राज्य सरकार ने वर्तमान गाइडलाइन को 30 जून तक आगे बढ़ा दिया है लेकिन नई गाइडलाइन में यदि जमीन की कीमतों की बात करें तो शहर की 46 कॉलोनियों में जमीन 80 फीसदी तक महंगी होना है। इन कॉलोनियों में जमीन की कीमतें बढ़ाने की वजह गाइडलाइन से बाजार मूल्य तीन गुना ज्यादा होना है। इससे इन कॉलोनियों में दाम बढ़ाए जा रहे हैं। हालांकि अभी लोगों को 30 जून तक तो राहत मिलेगी।

## कोरोना के कारण रजिस्ट्रियों पर लगा ब्रेक



कोरोना संक्रमण के कारण रजिस्ट्रियों पर ब्रेक लग गया है। इससे हमेशा भीड़ से खचाखच रहने वाले विभाग में अब ताला लगा हुआ है। विभाग के दरवाजे पर सूचना लगी है कि पंजीयन कार्य बंद है। जबकि राजस्व की बात करें तो विभाग को पिछले वित्तीय वर्ष में 138 करोड़ रुपए का टारगेट मिला था। इसके मुकाबले विभाग ने 142 करोड़ रुपए का राजस्व हासिल किया है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग में कितनी भीड़ रहती है।

दै. भास्कर 1-5-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 14 दिनांक 1-5-2021

# मेडिकल कालेज में 10 मौत, इनमें पांच रतलाम के

रतलाम। मेडिकल कालेज हास्पिटल से स्वस्थ होकर शुक्रवार को 36 व्यक्ति अपने घर लौटे। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कालेज में 53 नए मरीज भर्ती हुए। शुक्रवार की स्थिति में कुल 550 बेड में, आइसीयू 56, एचडीयू में 172 व आक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 202 में से 119 पर मरीज भर्ती हैं। कुल 467 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 295 पाजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। रिक्त बेड 83 हैं। कुल पाजिटिव डेथ 10 हुई। इनमें रतलाम की पांच, झाबुआ, आलीराजपुर, उज्जैन, बालाघाट, नीमच की एक-एक शामिल है।

# मेडिकल कॉलेज से 36 डिस्चार्ज हुए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 1-5-2021

रतलाम. मेडिकल कॉलेज के कोविड हॉस्पिटल से स्वस्थ होकर शुक्रवार को 36 व्यक्ति अपने घर लौटे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में 53 नए मरीज भर्ती हुए। शुक्रवार की स्थिति में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 सभी फुल हैं, एचडीयू में 172 बेड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 202 में से 119 पर मरीज भर्ती हैं। कुल 467 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती हैं, इनमें 295 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। कुल पॉजिटिव डेथ 10 हैं। इनमें 5 रतलाम, 1 झाबुआ, 1 अलीराजपुर, 1 उज्जैन, 1 बालाघाट, 1 नीमच का व्यक्ति है। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 83 हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 8.....दिनांक.........2021

**बड़ी राहत:** सरकारी आदेश जारी

# 30 जून तक रजिस्ट्री की गाइडलाइन में बदलाव नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. रजिस्ट्री की गाइडलाइन में 30 जून तक कोई बदलाव नहीं होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में संपत्ति की खरीदी-बिक्री के लिए एक अप्रैल से नई गाइडलाइन जारी की जाती हैं, लेकिन कोरोना संक्रमण को देखते हुए वर्ष 2021-22 के लिए गाइडलाइन में 30 जून तक कोई परिवर्तन नहीं किया जा रहा है। इसके आदेश भी शुक्रवार को जारी कर दिए गए।

इससे रियल इस्टेट कारोबारी और जनता को बड़ी राहत मिलेगी। पत्रिका ने इस मुद्दे को लगातार उठाया था। रियल स्टेट कारोबारी भी लंबे समय से इसकी मांग उठा रहे थे। अब सरकार ने भी इसके आदेश जारी कर दिए हैं। गाइडलाइन के अनुसार महिलाओं के नाम से पंजीयन शुल्क में 2 प्रतिशत की छूट भी पहले की तरह ही जारी रहेगी। सामान्य पंजीयन की दर 3 प्रतिशत है जबकि महिला आवेदकों के लिए यह दर एक प्रतिशत रखी गई है। सीएम शिवराज ने कहा कि हमारा प्रयास है कि उप पंजीयक कार्यालय चरणबद्ध तरीके से खोले जाएं।

पत्रिका इम्पैक्ट



पत्रिका में प्रकाशित खबर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 12 दिनांक 1-5-2021

अभी प्रतिदिन 260 सिलिंडर की मांग, प्रशासन ने प्रबंधकों से ली आपूर्ति की जानकारी

# निजी अस्पतालों में आक्सीजन आडिट होगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेडिकल कालेज व निजी अस्पतालों में आक्सीजन की आपूर्ति को लेकर अब प्रशासन अपव्यय रोककर बचत के तरीकों पर भी ध्यान दे रहा है। अस्पतालों के संचालकों की बैठक लेकर सभी से मरीजों की संख्या व आक्सीजन की मांग की जानकारी लेने के बाद अब उसी अनुसार आपूर्ति की जाएगी।

इधर, शुक्रवार को निजी अस्पताल संचालकों ने कई मरीजों को आक्सीजन नहीं होने व प्रशासन के निर्देशों का हवाला देकर भर्ती नहीं किया और जो भर्ती थे उन्हें भी शिफ्टिंग की बात कह दी। इससे मरीज व उनके स्वजन भी परेशान हो गए। शाम को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि निजी अस्पताल बेड क्षमता के अनुसार सभी अस्पतालों को खाली बेड पर मरीं को भर्ती कर सकते हैं। इस पर कोई रोक नहीं है।

मालूम हो कि गत दिनों आक्सीजन की आपूर्ति को लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों के स्वजनों को भी संचालकों ने सिलिंडर लाने के लिए कह दिया गया था। इसके बाद हड़कंप मच गया था। इसके चलते निजी अस्पतालों में आपूर्ति को लेकर नई व्यवस्था बनाई जा रही है। अभी प्रतिदिन 260 आक्सीजन सिलिंडर की खपत इन अस्पतालों में हो रही है।

### ज्यादा आक्सीजन से मरीज की तबीयत खराब

कलेक्टर डाड ने बताया कि निजी अस्पतालों में आपूर्ति की आडिट किया जा रहा है। आयुष ग्राम में एक मरीज को अधिक मात्रा में आक्सीजन देने से उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई और उसे इंदौर के अरबिंदो हास्पिटल में भर्ती कराना पड़ा। जहां उसका उपचार चल रहा है। मरीजों की भर्ती पर रोक की अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### कोरोना कंट्रोल रूम पर दस कर्मचारियों की ड्यूटी

ई दक्ष केंद्र, जनपद पंचायत परिसर रतलाम में स्थापित कोरोना कंट्रोल रूम में दस कर्मचारियों की ड्यूटी के आदेश जारी किए गए हैं। अमित शाह ,सहायक वर्ग-3 शिक्षा विभाग, विजय शर्मा माध्यमिक शिक्षक, रमेश भाटी सहायक वर्ग-3 की ड्यूटी प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक, अमित पारीक प्राथमिक शिक्षक, नितिन व्यास प्राथमिक शिक्षक एवं हीरो शेरवानी सहायक वर्ग 2 आइटीआइ ड्यूटी दोपहर 3 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक, सचिन पाल कंप्यूटर आपरेटर, देवेंद्र चावंड शिक्षा विभाग की ड्यूटी रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 7:00 बजे तक तथा दीपक शर्मा, कुलदीप झाला शिक्षा विभाग की रिजर्व ड्यूटी लगाई गई है।

### डिप्टी कलेक्टर की मौजूदगी में देंगे रेमडेसिविर

कोरोना मरीजों को रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति को लेकर कलेक्टर ने बताया कि नई व्यवस्था में ड्रग इंस्पेक्टर के साथ अब डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन स्वयं मरीज तक जाकर इंजेक्शन देंगे। मालूम हो कि इससे पहले मरीजों को इंजेक्शन नहीं लगाकर अन्य को देने की शिकायत भी की गई थी।

### सैलाना विधायक ने भी लिखा पत्र

निजी अस्पतालों में मरीजों को भर्ती नहीं करने की बात सामने आने पर सैलाना विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस तरह के निर्देशों को गलत बताया और कहा कि मरीजों को भर्ती नहीं करेंगे तो वे घर पर ही रहेंगे। कोरोना पर नियंत्रण नहीं हो पाएगा। अभी जो वायरस फैला है, वह गंभीर प्रवृति का है। इसमें आक्सीजन की ज्यादा जरूरत रहती है।

**स्वीकृत क्षमता अनुसार मरीज भर्ती करना जारी रखें**

निजी अस्पतालों को उनके निर्धारित बेड अनुसार आक्सीजन की पर्याप्त पूर्ति की जा रही है। गत दो दिन में 250-250 सिलिंडर से अधिक की आपूर्ति की गई है। यह व्यवस्था आगे भी निरंतर जारी रहेगी। निजी अस्पताल स्वीकृत क्षमता अनुसार मरीज भर्ती करना जारी रखें।

– चैतन्य काश्यप, शहर विधायक

---

ऑक्सीजन का ऑडिट शुरू

# निजी अस्पतालों को फिलहाल 260 सिलेंडर की जरूरत

### आयुष हॉस्पिटल में ऑक्सीजन दी, तबीयत बिगड़ी, इंदौर के अरबिंदो अस्पताल में भर्ती

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-5-2021

प्रशासन ने अस्पतालों में लगने वाली ऑक्सीजन का ऑडिट किया है, इसमें सामने आया है कि अस्पतालों को 260 सिलेंडर की जरूरत लग रही है। कलेक्टर ने इससे ज्यादा ऑक्सीजन देने की बात कही।

जिला प्रशासन ने ऑक्सीजन की मांग की समीक्षा की है। प्रति व्यक्ति पर लगने वाली ऑक्सीजन के आधार पर प्रत्येक हॉस्पिटल की ऑक्सीजन मांग को तय किया गया। इसमें 260 सिलेंडर की खपत होना सामने आई है। वहीं, तय बेड क्षमता के अनुसार सभी अस्पतालों को खाली बेड पर मरीजों को भर्ती करने संबंधी कोई रोक नहीं लगाई है।

### ज्यादा ऑक्सीजन देकर परेशानी में डाला : कलेक्टर

इधर, आयुष हॉस्पिटल में एक मरीज को ज्यादा ऑक्सीजन देने का मामला भी सामने आया है। अभी मरीज का इंदौर के अरबिंदो अस्पताल में इलाज चल रहा है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बताया कि डॉक्टरों ने हमें बताया कि मरीज को ज्यादा ऑक्सीजन देकर और परेशानी में डाला गया है। ऑक्सीजन को लिमिट में रखें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 6.....दिनांक 1...5...2021



नगर निगम से सेवानिवृत्त सोनी और तिवारी का सम्मान करते अधिकारी।

**सोनी और तिवारी सेवानिवृत्त :** नगर निगम के जनसंपर्क विभाग में कार्यरत सहायक वर्ग-तीन श्याम सुंदर सोनी और सचिव कार्यालय के स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। उपायुक्त विकास सोलंकी ने दोनों का सम्मान कर विदाई दी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका -----पृष्ठ 2.....दिनांक....1.....5....2021

निरीक्षण

# सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण, समय पर पूरा करने के निर्देश

## कार्य गुणवत्ता पूर्वक व तेजी से करने के दिए निर्देश



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 1-5-2021

रतलाम. शहर में 19 अप्रैल तक सीवरेज कार्य पूरा करने का लक्ष्य लेकर चली नगर निगम अब तक इस कार्य को समाप्त नहीं कर सकती है। इसके बाद कलेक्टर व प्रशासक गोपालचंद्र डाड व नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इसको तेज से पूरा करने को कहा है। आयुक्त झारिया ने दल बल के साथ बिती रात निर्माण कार्य का निरीक्षण किया व इसको तेजी से पूरा करने को कहा है।

निगम आयुक्त झारिया ने साक्षी पेट्रोल पम्प के पास व साक्षी पेट्रोल पम्प से राधाकृष्ण मंदिर, सैलाना बस स्टैण्ड, गलेड़ा नमकीन से चमारिया नाका, आरोग्य हनुमान मंदिर से नगर निगम तिराहे तक चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर पीडीएमसी व ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया कि संसाधनों एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि कर कार्य तेजी से पूर्ण करें। निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया कि कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त बेरिकेट्स लगाये जाये इसके अलावा कार्य स्थल पर कार्य प्रारंभ दिनांक, कार्य पूर्णता दिनांक, कम्पनी का नाम, कार्य का विवरण आदि के फ्लेक्स अनिवार्य रूप से लगाये जाये साथ ही सड़क पर धूल, मिट्टी ना रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाये। चांदनी चौक में चल रहे रिस्टोरेशन कार्य के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि रिस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान सहायक यंत्री श्याम सोनी, ठेकेदार व पीडीएमसी इंजीनियर आदि उपस्थित थे।



# निगमायुक्त ने सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर कार्य को गुणवत्तापूर्वक व तेजी से करने के दिए निर्देश

रतलाम ● विभिन्न स्थानों पर चल रहे सीवरेज कार्य तेजी से करवाए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्य का निरीक्षण कर कार्य तेजी से किए जाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री झारिया ने साक्षी पेट्रोल पम्प के पास व साक्षी पेट्रोल पम्प से राधा-कृष्ण मंदिर, सैलाना बस स्टैण्ड, गलेड़ा नमकीन से चमारिया नाका, आरोग्य हनुमान मंदिर से नगर निगम तिराहे तक चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर पीडीएमसी व ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया कि संसाधनों एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि कर कार्य तेजी से पूर्ण करें। इसके अलावा श्री झारिया ने निर्देशित किया कि कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त बैरिकेड्स लगाए जाए इसके अलावा कार्य स्थल पर कार्य प्रारंभ दिनांक, कार्य पूर्णता दिनांक, कम्पनी का नाम, कार्य का विवरण आदि के फ्लेक्स अनिवार्य रूप से लगाए जाए साथ ही सड़क पर धूल, मिट्टी ना रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। चांदनी चौक में चल रहे रिस्टोरेशन कार्य के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि रिस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्वक हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए उक्त अवसरों पर सहायक यंत्री श्याम सोनी, ठेकेदार व पीडीएमसी इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

1-5-2021

**विकट हाल** • कोरोना कर्फ्यू लगने के कारण अस्थियां ले जाकर घर और आस-पास पेड़ पर टांग रहे हैं परिजन

# मौतें बढ़ीं: तीनों मुक्तिधामों पर अस्थियां रखने वाले लॉकर फुल, अस्थि विसर्जन नहीं कर पा रहे परिजन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना की दूसरी लहर बड़ी घातक बनकर आई है। संक्रमित मरीजों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं मौत के आंकड़ों में वृद्धि हुई है। ऐसे में कोरोना व बगैर कोरोना के कारण कई लोग जिनके परिवार जन में मृत हुए हैं वे अस्थि विसर्जन नहीं कर पा रहे हैं। आवागमन की असुविधा और घाटों पर विधि-विधान से पिंड पूजन ना कर पाने के कारण उनके मन में दुविधा उत्पन्न हो रही है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को धैर्य का परिचय देते हुए शास्त्रों की पूर्ण नियमों का पालन करना चाहिए, साथ ही शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शास्त्रानुसार कार्य करना चाहिए।

यह महामारी महासूतक के रूप में मानी जा रही है। जब समाज में सभी वर्ग एक रोग से पीड़ित होते हैं, तो यह महामारी सभी समाज के लिए एक सूतक की तरह होती है। इसमें किसी के यहां जाना, स्पर्श करना निषेध माना गया है और यही आज शासन-प्रशासन हम सबको बता रहा है। ऐसी दशा में जब तक पूरे समाज से सूतक खत्म नहीं होता, यह महामारी खत्म नहीं होती है, तब तक हमारा निजी सूतक भी खत्म नहीं माना जाएगा। ऐसी दशा में हमारे जो मृत परिजन हैं उनके निमित्त दशाकर्म हेतु जहां तक संभव हो सके घर में ही रहकर संक्षेप में नियमों का पालन करना चाहिए।

## अस्थियां रखने वाले लॉकर फुल, ज्यादातर परिजन अब संचय के लिए अपने साथ ले जा रहे



जवाहर नगर मुक्तिधाम पर फुल हुआ अस्थि लॉकर

शहर के तीनों मुक्तिधाम पर अस्थियां रखने के लिए बनाए गए लॉकर फुल हो चुके हैं। त्रिवेणी व जवाहर नगर मुक्तिधाम से लोग जैसे-तैसे अस्थियां संचय कर घर या घरों के आस-पास स्थित पेड़ पर रख रहे हैं, लेकिन भक्तन की बावड़ी स्थित मुक्तिधाम से अस्थियां भी नहीं ले जा रहे हैं, क्योंकि यहां 75 प्रतिशत कोविड-19 पॉजिटिव के अंतिम संस्कार हो रहे हैं। त्रिवेणी मुक्तिधाम के व्यवस्थापक श्रेणिक छाजेड़ ने बताया अस्थियां रखने के लिए बनी हुई आलमारी में लॉकर बने हुए हैं। वह कभी से भरा गए हैं। अधिकांश लोग अस्थियां संचित कर ले जा रहा हैं। जवाहर नगर स्थित मुक्तिधाम के प्रेम मांडला ने बताया अस्थि रखने के लिए बनाई गई आलमारी के लॉकर पूरी तरह से भर चुके हैं। जिन्होंने पहले लॉकर में रख दिए वे लेने नहीं आ रहे हैं। अंतिम संस्कार करने वालों को दूसरे दिन ही अस्थियां ले जाने के लिए कहा जा रहा है। वे दूसरे दिन ही अस्थियां लेकर जा रहे हैं। भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम ट्रस्ट अध्यक्ष रामसिंह भाटी ने बताया कि अस्थियां रखने वाला लॉकर कभी से फुल हो चुका है, जो ताला लगाकर गए हैं वे अभी तक नहीं आए। यहां 75 प्रतिशत कोरोना पॉजिटिव मृत लोगों को अंतिम संस्कार हो रहा है। इस कारण कई लोग तो अस्थियां व राख भी नहीं ले जा रहे हैं।

**पेड़ पर बांधेंगे अस्थियों को :** इंदिरा नगर निवासी रमेश जोशी के पिता मनमोहन जोशी का 4 दिन पहले निधन हो गया। उन्होंने बताया जब तक प्रशासन अनुमति नहीं देता है तब तक वह कोई कार्य को नहीं करेंगे। घर में ही गंगा जी का ध्यान करके एक पात्र में जल भरकर उसमें गंगाजल डालकर अस्थि का वहीं विसर्जन करेंगे। मानस रूप से गंगा का स्मरण कर अस्थियों को अपने घर के पास पेड़ पर बांधेंगे तथा जब शासन अनुमति देगा इसके बाद उज्जैन जाकर अस्थियों का विसर्जन करेंगे।

## ज्योतिष मत : घर में फूल में विसर्जन के साथ करें ध्यान

वर्तमान समय पर कोरोना महामारी के चलते लोग अपने मृत परिजन की अस्थियों विसर्जन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उनके मन में काफी संशय की स्थिति उत्पन्न हो रही है। पंडित संजय शिवशंकर दवे ने बताया वर्तमान समय में कोरोना कर्फ्यू के अंतर्गत उन लोगों से अनुरोध है कि वह दसवें दिन के अंदर घर में ही एक जल पात्र लेकर उसमें जल व गंगाजल की दो-चार बूंद पानी में मिलाकर उसी में फूलों को उसमें विसर्जन करें और गंगा माता का ध्यान स्मरण कर उनसे मृतजन की मुक्ति हेतु प्रार्थना करें। पुनः उन अस्थियों को जल पात्र से निकाल कर एक थैली या मटकी में रखकर घर के समीप किसी सुरक्षित पेड़ पर ऊपर की ओर टांग दें। फूल विसर्जन के उपरांत घर में ही धूप-ध्यान करें यही समय की मांग है और यही जीवन दर्शन का मूल नियम है। उन्होंने बताया जब भी यह महामारी समाप्त होती है, कोरोना कर्फ्यू समाप्त होता है स्थिति कुछ सामान्य होने पर जब प्रशासन इसके लिए अनुमति प्रदान करता है। इसके बाद उसी विधि विधान से तीर्थ स्थान पर जाकर अपने परिजन के फूलों को विसर्जन करें।

# महाराणा प्रताप जन्मोत्सव के पहले प्रतिमा का भाला ठीक किया जाए



भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-5-2021

सैलाना बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भाला क्षतिग्रस्त हो गया है। कभी भी यह गिर सकता है। इससे किसी को नुकसान पहुंच सकता है। 9 मई को महाराणा प्रताप जन्मोत्सव है इसके पहले भाले को सुधारा जाए।

यह मांग प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने निगम आयुक्त को लिखे पत्र से की। उन्होंने बताया हर साल राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना और राजपूत नवयुवक मंडल महाराणा प्रताप जन्मोत्सव मनाते हैं । इस संबंध में पूर्व में जिला उपाध्यक्ष सौरभ सिंह राजपूत ने पत्र लिख कर अवगत कराया, लेकिन अभी तक भाला नहीं सुधारा।एक माह पहले श्री राजपूत नवयुवक मंडल, न्यास के पदाधिकारियों ने निगम आयुक्त को भाला सुधारने की बात कही थी। इसमें बताया कि पूर्व में भाला दो बार क्षतिग्रस्त हो चुका है।

# लॉकडाउन तोड़ने पर 439 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-5-2021

लॉकडाउन का उल्लंघन करने, पर पुलिस ने 439 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। दुकान में भीड़ मिलने पर पुलिस ने रतलाम और शिवगढ़ में 10 प्रकरण बनाए हैं। घर से बाहर घूम रहे 67 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मास्क लगाए बगैर घूम रहे 198 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसी तरह 164 लोगों के खिलाफ मोटरव्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

भुट्टाबाजार में दुकान खुली मिलने पर केजार हुसैन पिता फज्जल हुसैन छावनी वाला निवासी कूंजड़ों का वास, चांदनीचौक में कोल्डड्रिंक की दुकान खुली मिलने पर सुरेश पिता लक्ष्मीनारायण जाट, माणकचौक में किराना दुकान खुली मिलने पर राजेंद्र पिता मोहनलाल माहेश्वरी, अगरबत्ती की दुकान खुली मिलने पर रामचंद्र पिता बाबूलाल मालवीय, रेडीमेड दुकान खुली मिलने पर अशोक पिता सागरमल मूणत, शांति मल पिता राजमल चत्तर, मोहित पिता अशोक चत्तर के खिलाफ तथा शिवगढ़ में किराना दुकान खुली मिलने पर सुरेश पिता चेन-सिंह लखाना, समरथ पिता हीरा गुर्जर, मनीष पिता कृष्ण वल्लभ सोलंकी, चाय की दुकान खुली मिलने पर तेजपाल पिता दशरथ राठौड़, विकास पिता नानालाल रेगा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# धारा 144 के आदेश के उल्लंघन में 6 दुकानदारों पर प्रकरण दर्ज किया

रतलाम। पुलिस प्रशासन द्वारा लॉकडाउन का उल्लंघन कर रहे दुकानदारों के खिलाफ भी सख्त हो गई है। धारा 144 के आदेशों का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध माणकचौक थाने पर 6 दुकानदारों पर धारा 188 के तहत मामले दर्ज किये।

वहीं अब तक माणकचौक थाने में 50 से अधिक दुकानदार व 400 से अधिक लोगों को बेवजह बाहर घुमने पर ओपन जेल भेजा जा चुका है अब तक 600 से अधिक टूव्हीलर वाहनों पर चालानी कार्यवाही की है।

ऐसे लोग जिन्होंने ने लॉकडाउन में धारा 144 के आदेश का उल्लंघन किया है और पुलिस ने 50 लोगों पर धारा 188 में मामले दर्ज किये है। वही कलेक्टर द्वारा भी समस्त पुलिस थानों पर सक्त निर्देश दिये गये है जिन लोगों के खिलाफ 188 में प्रकरण दर्ज है व जिनकी जमानती धारा नहीं है लॉकडाउन के बाद उन्हें जेल भेजा जाएगा। जिसके बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है और लगातार कार्यवाही करती नजर आ रही है ऐसे लोग जिनकी जमानती धारा नहीं है उन्हें अब जेल भेजा जाएगा।

# बिना मास्क के दो सौ लोगों और 7 दुकानदारों पर केस दर्ज

1-5-2021

रतलाम @ पत्रिका. कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को रोकने के लिए लॉक डाउन लगाया गया है। दो दिनों में पुलिस ने सात दुकानदारों के सात ही बिना मास्क के घुमने वाले 198 और बाइक आदि से बिना वजह घुमने वाले 164 लोगों पर कार्रवाई की है।

थाना ताल अंतर्गत आरोपी गोपाल पिता गट्टू लाल खारोल निवासी मंडावल ताल, थाना माणक चौक अंतर्गत केजार हुसैन छावनीवाला निवासी कुंजड़ों का वास रतलाम, थाना माणक चौक अंतर्गत सुरेश जाट, थाना माणक चौक अंतर्गत राजेंद्र माहेश्वरी निवासी काटजू नगर, थाना माणक चौक अंतर्गत रामचंद्र मालवीय, अशोक मूणत, शांतिमल चत्तर एवं मोहित चत्तर के खिलाफ भी केस दर्ज किया।

इधर, लॉक डाउन में बिना किसी वजह बाहर घूमने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 67 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल में निरुद्ध किया गया। मास्क का उपयोग न करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 198 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। मोटर व्हिकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 164 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है।

[signature]
1-5-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार ......... पृष्ठ ..8.. दिनांक ..1...5...2021

मुख्यमंत्री ने की 16 जिलों में कोविड नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा

# संक्रमण की चेन तोड़ने सबको मिलकर करने होंगे प्रयास

## कोविड केयर सेंटरों को बहुउद्देश्यीय बनाएं

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाएं मजबूत करें

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोविड केयर सेंटरों को बहुउद्देश्यीय बनाया जाए। जहां माइल्ड रोगियों को उपचार की बेहतर सुविधा मिले। उन्होंने अपील की है कि शादी विवाह के कार्यक्रम संक्रमण नियंत्रित होने तक स्थगित कर दें। उन्होंने कहा है कि कोरोना मानवता का दुश्मन है। सारे भेद-भाव भूल कर सबको कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुरुवार को सीएम हाउस से वीसी द्वारा 16 जिलों में कोविड नियंत्रण की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में भोपाल, ग्वालियर, बैतूल, दतिया, विदिशा, सीहोर, मुरैना, शिवपुरी, होशंगाबाद, अशोक नगर, रायसेन, राजगढ़, गुना, हरदा, श्योपुर और भिंड जिले शामिल थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सबके प्रयासों से संक्रमण वृद्धि दर में कमी आई है। यह 25 प्रतिशत से घट कर 21.5 प्रतिशत हो गई है। स्वस्थ होने की दर भी 80.41 प्रतिशत से बढ़ कर 82.28 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि यह ईमानदार प्रयासों का प्रतिफल है, लेकिन लड़ाई बड़ी और लंबी है। इसलिए संक्रमण नियंत्रण के प्रयासों को कड़ाई के साथ लागू किया जाए। उसमें किसी तरह की ढिलाई नहीं हो। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं को भी मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। ताकि ग्रामीण अंचल के रोगियों के शीघ्र और बेहतर उपचार की व्यवस्थाएं हो सकें। उन्होंने संक्रमण के प्रारंभिक अवस्था में पहचान के लिए सर्वेक्षण कार्य को प्रभावी ढंग से चलाने की जरूरत बताई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऑक्सीजन और रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। चिकित्सकों के परामर्श पर ही इंजेक्शन लगाया जाए। वितरण कार्य को पारदर्शी बनाया जाए, जिसको इंजेक्शन दे उसकी फोटो भी खींचें। उन्होंने ग्वालियर जिले में ऑक्सीजन आपूर्ति के अतिरिक्त विकल्प तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनता कर्फ्यू जिन क्षेत्रों में स्वतः स्फूर्त आंदोलन बना है, वहां पर नियंत्रण बेहतर हुआ है। कुरवाई विधायक श्री हरि सिंह सप्रे द्वारा अपनी पुत्री की शादी की तिथि टालने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरणों को प्रस्तुत कर आमजन को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि रोगियों के साथ बड़ी संख्या में परिजन नहीं जाएं उन्होंने होम आईसोलेशन की व्यवस्थाओं की प्रभावी समीक्षा की जरूरत बताई।




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड-19 की रोकथाम एवं व्यवस्थाओं के संबंध में कोर ग्रुप के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रभारी मंत्री, जन-प्रतिनिधियों, समाज सेवियों और अधिकारी-कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग और संयम से कोरोना पर विजय हासिल होगी। मुख्यमंत्री को बैठक में कलेक्टर और आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा संक्रमण नियंत्रण प्रयासों, होम आइसोलेशन, कोविड केयर सेंटरो के संचालक की व्यवस्थाओं को बताया। जनता कर्फ्यू के प्रभावी नियंत्रण के लिए किए गए प्रेरणादायी प्रतिबंधात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाइयों की जानकारी दी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रकार ओ.टी.टी. पृष्ठ 7......दिनांक...1-...5.....2021

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन कीट वितरण के संबंध मे निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली बैठक

रतलाम । कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन कीट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि यह कार्य शासकीय कार्य होने के साथ-साथ मानव सेवा का भी कार्य है इस हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी का कर्तव्य है कि कोई भी मरीज मेडिसिन कीट से वंचित ना रहे व इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि इस कार्य हेतु पर्याप्त वाहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाये साथ ही अग्निशमन कार्यालय में इसका केन्द्र स्थापित किया जाकर समस्त जानकारी संग्रहित की जाने के अलावा सभी मरीजो को तय समय पर मेडिसिन कीट उपलब्ध हो इसकी सुनिश्चित्ता की जाये।

रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन कीट वितरण हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया तथा सहयोगी के रूप में उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मेन्द्र दोगाया को नियुक्त किया है।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह प्रतिदिन ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची प्राप्त कर सूची अनुसार जिला अस्पताल के स्टोर से आवश्यक मात्रा में मेडिसिन कीट संग्रहित करेंगे व नगर निगम के अग्निशमन कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे।

फायरमैन श्री देवेन्द्र पुरोहित प्राप्त मेडिसिन कीट का आवक रिकार्ड दर्ज कर वार्ड वार नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों को आवश्यकतानुसार होम आईसोलेशन के मरीजों को वितरण हेतु उपलब्ध कराकर जावक पंजी संधारित करेंगे।

# प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन सुनिश्चित करें

## समस्त मेडिकल एवं आयुर्वेदिक दुकानें प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक खुली रहेगी

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से प्रतिबंधात्मक आदेश का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। कोरोना कर्फ्यू के दौरान कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी किए गए आवश्यक निर्देश के अनुसार समस्त मेडिकल एवं आयुर्वेदिक दुकानें प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक खुली रहेगी। शासकीय चिकित्सालय एवं निजी अस्पतालों के सौ मीटर (निकट) की परिधि की मेडिकल दुकानें 24 घंटे खुली रखने की अनुमति रहेगी। सब्जी एवं फल फेरीवाले विक्रेताओं को घर-घर जाकर चलित रूप से विक्रय करने की अनुमति प्रातः 8:00 बजे से दोपहर एक बजे तक ही रहेगी। किराना दुकानें खोली जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी। औद्योगिक इकाइयां खुली रहेंगी किन्तु इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों ,श्रमिकों आदि को संबंधित एसडीएम कार्यालय से पास प्राप्त करने होंगे। यह व्यवस्था एक मई से लागू होगी। उद्योग संचालक द्वारा कार्यरत श्रमिकों को मास्क पहनना,सोश्यल डिस्टेंसिंग का पालन करना,साथ ही हाथ धोने की समुचित व्यवस्था की जाना अनिवार्य होगा। किसी उद्योग में कार्यरत श्रमिक कोविड संक्रमित पाए जाने पर उद्योग संचालन बंद कर दिया जाएगा। शहरी क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन गतिविधियां शासकीय कार्य को छोड़कर अन्य निजी कार्य हेतु कार्यरत श्रमिकों को परिसर मे ही रहकर कार्य करने की अनुमति रहेगी। ठेकेदार अपने स्थाई कर्मचारी लेकर निर्माण कार्य शर्तों के अधीन कर सकेंगे। रबी उपार्जन हेतु संचालित केंद्रों पर जिन किसानों को प्रेषित मैसेज में उल्लेखित दिनांक से अधिकतम 7 दिवस की अवधि में कृषक की उपज की पूर्ण तोल कराने एवं बिल जारी करने हेतु आने जाने की अनुमति रहेगी। उपार्जन केंद्रों पर लगे सभी कर्मचारी आईडी कार्ड लेकर आएंगे। जिले के शहरी क्षेत्र से किसी भी व्यक्ति को कृषि कार्य करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र में आना-जाना प्रतिबंधित रहेगा।

इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर आदि को केवल होम डिलीवरी कार्य जैसे रिपेयर एवं सर्विस करने की प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक छूट प्रदान की गई है।उक्त कार्य हेतु संबंधित को एसडीएम कार्यालय से पास प्राप्त करने होंगे तथा उन्हें कोविड की जांच करवाकर आरटीसीपीआर रिपोर्ट अपने साथ रखना अनिवार्य होगा।

### राशन की दुकान का समय

जिले में संचालित की जाने वाली सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें निर्धारित समयानुसार प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक सामग्री वितरण हेतु खुली रहेंगी। जल सप्लाय हेतु आरओ वाटर की होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी। सप्लाई में लगे कर्मचारियों का आरटीपीसीआर रिपोर्ट अपने साथ में रखना अनिवार्य होगा। जिले के भीतर आवागमन हेतु आटो रिक्शा, मैजिक में वाहन चालक के अतिरिक्त अधिकतम दो सवारी की अनुमति रहेगी। कोरोना कर्फ्यू की अवधि के दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे व्यक्ति ,नागरिक को सड़कों पर चैकिंग के दौरान मिलने पर पुलिस, नगर निगम, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग आदि दल द्वारा रेण्डम कोविड सेम्पल लिया जाएगा। संबंधित को सेम्पल देना अनिवार्य होगा। विवाह समारोह में वर-वधु पक्ष के अधिकतम 10-10 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। विवाह समारोह में प्रोसेशन व डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। विवाह समारोह हेतु संबंधित थाने में तीन दिवस पहले आवेदन देना अनिवार्य होगा। अंतिम संस्कार (शवयात्रा) के दौरान अधिकतम 10 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। उठावना कार्यक्रम के दौरान (चलित उठावना) अधिकतम 10 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। दशाकर्म एवं पगडी कार्यक्रम पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। केवल आपातकालीन उद्देश्यों से चिकित्सा आपात स्थिति को छोड़कर दो पहिया वाहन पर एक व्यक्ति और चार पहिया वाहन पर वाहन चालक के अतिरिक्त दो व्यक्ति की अनुमति रहेगी।

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना एवं अन्य निर्माणाधीन कार्य करने की अनुमति रहेगी। समस्त होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल एवं समस्त शराब की दुकानें बार भांग एवं भांग घोटा की दुकान पूर्णता बंद रहेंगे। कालिका माता मंदिर एवं त्रिवेणी पर निराश्रित को प्रतिदिन किया जाने वाला भोजन वितरण प्रतिबंध से मुक्त रहेगा। न्यूजपेपर वितरण हेतु प्रातः 6 बजे से प्रातः 9 बजे तक अनुमति रहेगी।

# कोरोना को देख लिया फैसला कल सैलाना बस स्टैंड की थोक सब्जी मंडी रहेगी बंद

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

सैलाना बस स्टैंड स्थित थोक सब्जी मंडी रविवार को बंद रहेगी। कोरोना संक्रमण के बीच मंडी में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया है। शुक्रवार शाम 7 बजे एसडीएम और भारसाधक अधिकारी अभिषेक गेहलोत थोक सब्जी मंडी पहुंचे और व्यवस्थाओं को जायजा लिया। उन्होंने मंडी के प्रभारी सचिव सत्यनारायण गोयल से कहा कि कोरोना को देखते हुए व्यापारियों को दूरी पर बैठाए। नीलामी के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। इससे थोक सब्जी मंडी शनिवार को खुलेगी और कल रविवार को बंद रहेगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार नवीन गर्ग, स्टेशन रोड टीआई किशोर पाटनवाला, सब्जी मंडी प्रभारी राजेंद्र व्यास मौजूद थे।

**सब्जी मंडी गेट पर तैनात होगा पुलिस बल :** थोक सब्जी मंडी में सिर्फ फुटकर सब्जी व्यापारी खरीदी कर सकते हैं। शहरवासियों के लिए प्रतिबंध लगा है। मंडी प्रशासन इन्हें रोकता है लेकिन ये लोग नहीं मानते हैं। इसे देखते हुए थोक सब्जी मंडी के गेट पर अब पुलिस बल तैनात होगा। जो शहरवासियों को मंडी में प्रवेश नहीं करने देगा। 2 मई रविवार को तो मंडी बंद रहेगी।

# 30 दिनों में 102 मौत, 255 नए संक्रमित मिले

## कोरोना का कहर ● अप्रैल में 5293 नए संक्रमित सामने आए और 4031 स्वस्थ होकर घर लौटे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना की दूसरी लहर का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन नए संक्रमितों के साथ मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। पिछले आठ दिनों से लगातार 200 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कुल मौतों में आधे से ज्यादा अप्रैल के 30 दिनों में ही हुई है।

इससे शासन-प्रशासन के साथ आमजन चिंतित है। हर तरफ भय का माहौल बना हुआ है। जरूरी दवाओं, इंजेक्शन के साथ आक्सीजन के टोटे से हर दिन मरीजों के स्वजनों और जिम्मेदारों की सांसें ऊपर-नीचे हो रही हैं। कोरोना की शुरुआत से अब तक में अप्रैल 2021 सबसे खतरनाक साबित हुआ है। सात अप्रैल से हर दिन 100 से अधिक नए संक्रमित सामने आ रहे हैं। आठ दिन से 200 से अधिक नए संक्रमित सामने आए हैं।

### गांवों में भी संक्रमण

शहर के साथ गांव-कस्बों तक कोरोना ने पैर पसार दिए हैं। अप्रैल के 30 दिनों में जिले में 5283 नए मरीज मिले हैं, वहीं 4031 स्वस्थ होकर घर लौटे हैं। 102 मौतें भी हुई हैं। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी 1200 से ज्यादा बनी हुई है। जिले में लोगों के स्वास्थ्य की जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। सैंपलिंग बढ़ाने के बाद आगामी दिनों में पाजिटिविटी रेट कम होने की उमीद है।

### अप्रैल में कोरोना की चाल पर नजर

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 01 अप्रैल | 85 | 83 | 02 | 650 |
| 02 | 79 | 59 | 01 | 669 |
| 03 | 77 | 62 | 02 | 682 |
| 04 | 85 | 83 | 02 | 682 |
| 05 | 95 | 87 | 02 | 688 |
| 06 | 92 | 79 | 02 | 699 |
| 07 | 109 | 43 | 02 | 763 |
| 08 | 144 | 53 | 02 | 852 |
| 09 | 160 | 139 | 03 | 870 |
| 10 | 146 | 105 | 03 | 908 |
| 11 | 130 | 91 | 03 | 944 |
| 12 | 130 | 95 | 03 | 976 |
| 13 | 152 | 71 | 03 | 1054 |
| 14 | 149 | 100 | 04 | 1099 |
| 15 | 158 | 155 | 04 | 1098 |
| 16 | 195 | 194 | 03 | 1096 |
| 17 | 206 | 197 | 03 | 1102 |
| 18 | 171 | 095 | 04 | 1174 |
| 19 | 217 | 131 | 04 | 1256 |
| 20 | 163 | 184 | 04 | 1231 |
| 21 | 135 | 191 | 04 | 1181 |
| 22 | 235 | 202 | 04 | 1210 |
| 23 | 263 | 133 | 05 | 1335 |
| 24 | 260 | 170 | 05 | 1420 |
| 25 | 245 | 212 | 05 | 1448 |
| 26 | 299 | 231 | 05 | 1511 |
| 27 | 272 | 215 | 04 | 1562 |
| 28 | 296 | 133 | 05 | 1720 |
| 29 | 280 | 178 | 05 | 1817 |
| 30 | 255 | 267 | 04 | 1801 |





### शुक्रवार को चार की मौत



शुक्रवार को 255 नए मरीज मिले। चार मौत भी हुई। 267 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 1801 है। मालूम हो कि जिले में अभी तक 10807 मरीज मिल चुके है। इनमें से 8812 स्वस्थ हुए है और 194 की मौत हो चुकी है।

### आक्सीजन की कमी से बढ़ रही चिंता



शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में आक्सीजन की कमी बनी हुई है। पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन उपलब्ध नहीं होने से हर दिन हाहाकार मच रहा है। मरीजों के स्वजन यहां-वहां भटकते हुए आक्सीजन के इंतजाम करते देखे जा रहे है, वहीं जिम्मेदारों द्वारा भी हर स्तर पर आक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए जी-जान लगाई जा रही है। उधर, बाजार में जरूरी दवाओं व इंजेक्शन का टोटा बना हुआ है। मरीजों के मान से पर्याप्त दवा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे भी व्यवस्था गड़बड़ा रही है।





दोपहिया वाहन पर मरीज के आक्सीजन सिलिंडर लेकर जाते हुए स्वजन। ● नईदुनिया



कोरोना की दूसरी लहर बेहद घातक है। कोरोना तब तक आपके घर नहीं आएगा, जब तक आप उसे लेने खुद बाहर नहीं निकलते। मास्क का उपयोग करें। भीड़ से दूर रहें। अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकलें। – **आशीष खाबिया**, व्यवसायी, प्रीतमनगर



कोरोना महामारी भयावह स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे समय में कई लोग मास्क नहीं लगा रहे हैं। सामाजिक दूरी का पालन नहीं कर रहे है, जो चिंता का विषय है मास्क पहनिए। वैक्सीनेशन कराएं। घर में रहें, सुरक्षित रहें। – **महेश पाटीदार**, मोटर बाइंडिंग, प्रीतमनगर



संकट के दौर में एक-दूसरे की हर संभव मदद करें। बचाव के लिए मास्क पहनें और दूसरों को भी प्रेरित करें। दो गज की दूरी का पालन करने के साथ कोरोना का टीका लगाना सबसे महत्वपूर्ण है। अभी यही रक्षा कवच है। – **श्रवण पाटीदार**, युवा किसान, धराड़



मास्क को वस्त्रों में शामिल कर लेना है। केंद्र सरकार को सख्त लाकडाउन लगाना चाहिए। व्यापारी वर्ग अपने लाभ के लिए शटर डाउन व्यापार कर रहे हैं। अपनी नहीं तो अपनों की सुरक्षा के लिए लाकडाउन का पालन करें। – **तन्मय सोनी**, एडवोकेट व उपाध्यक्ष अभिभावक संघ जावरा



कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका प्रमुख कारण आम लोगों की लापरवाही है, जो बाजार में निकलते समय मुंह पर मास्क लगाकर नहीं रखते। कोरोना हारेगा और जिंदगी जीतेगी, यह तभी संभव है जब हम लोगों से शारीरिक दूरी रखें। अपने हाथों को बार-बार धोएं। अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। – **रौनक रांका**, व्यवसायी, चौपाटी जावरा



इस वैश्विक महामारी से जब तक छुटकारा नहीं मिल जाता, तब तक बहुत सावधानी की जरूरत है। जब भी जरूरी हो घर से बाहर निकलना तो मुंह पर मास्क लगाकर ही निकलें। अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर रहें। योग प्रणायाम नियमित रूप से करें। शासन-प्रशासन के नियमों का पालन करें। – **राकेश पोखरना**, समाजसेवी, जवाहर पथ जावरा



कोरोना महामारी की दूसरी लहर पहले से अधिक घातक है। ऐसे समय भी बहुत से लोग शासन के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। टीका लगवाने वाले पात्र लोगों को दोनों टीके लगवाना चाहिए। घर के अंदर व घर के बाहर भी मुंह पर मास्क लगाकर रखना चाहिए। अपने हाथों को बार-बार सैनिटाइज करना चाहिए। – **जगदीश उपमन्यु**, सेवानिवृत्त शिक्षक, रामबाग जावरा

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 3 दिनांक 1-5-2021

# सीवरेज कार्य का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

## कार्य गुणवत्ता पूर्वक व तेजी से करने के दिये निर्देश

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 1-5-2021

कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न स्थानों पर चल रहे सीवरेज कार्य तेजी से करवाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने कार्य का निरीक्षण कर कार्य तेजी से किये जाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त झारिया ने साक्षी पेट्रोल पम्प के पास व साक्षी पेट्रोल पम्प से राधाकृष्ण मंदिर, सैलाना बस स्टैण्ड, गेलेड़ा नमकीन से चमारिया नाका, आरोग्य हनुमान मंदिर से नगर निगम तिराहे तक चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर पीडीएमसी व ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया कि संसाधनों एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि कर कार्य तेजी से पूर्ण करें।



इसके अलावा निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त बेरिकेट्स लगाये जाये इसके अलावा कार्य स्थल पर कार्य प्रारंभ दिनांक, कार्य पूर्णता दिनांक, कम्पनी का नाम, कार्य का विवरण आदि के फ्लेक्स अनिवार्य रूप से लगाये जाये साथ ही सड़क पर धूल, मिट्टी ना रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाये। चांदनी चौक में चल रहे रिस्टोरेशन कार्य के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि रिस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उक्त अवसरो पर सहायक यंत्री श्याम सोनी, ठेकेदार व पीडीएमसी इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दैनिक भास्कर पृष्ठ 15 दिनांक 1-5-2021

# पूरे 1 साल पर भारी 1 महीना...

# सिर्फ 30 दिन में 102 लोगों की मौत, 5291 पॉजिटिव मिले, जबकि 365 दिन में 92 लोगों ने तोड़ा था दम

पिछली लहर में दो से तीन दिन में हो रही थी एक मौत... अब एक दिन में 5 लोग गंवा रहे जान, 250 से ज्यादा पॉजिटिव रोज... सबसे दुखद प्रशासन के सारे इंतजाम फेल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अप्रैल के महीने का अंत हो गया है... कोरोना संक्रमण के लिहाज से यह पूरा एक महीना, एक साल पर भी भारी रहा है। प्रशासन के सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए। नए इंतजाम में सभी फेल रहे। अस्पताल में जगह तो दूर की बात... श्मशान में भी जगह नहीं बची है। ऑक्सीजन खत्म होने का डर हर पल बना हुआ है। इधर, संक्रमितों के मिलने का सिलसिला नहीं थम रहा है। रोज 250 से ज्यादा पॉजिटिव आ रहे हैं, मरीजों की हालत खराब हो रही है। पढ़ें... कोरोना की इस नई लहर के हाल से वाकिफ कराती खबर...।

### 200 से 300 सैंपल हो रहे थे, अब एक दिन में 900 से ज्यादा सैंपल

31 मार्च तक जिले में 200 से 300 सैंपल ही हो रहे थे। पॉजिटिव भी 10 से कम ही सामने आ रहे थे लेकिन अप्रैल में संक्रमण ने रफ्तार पकड़ी, इसे देख 900 से ज्यादा सैंपल लेने का फैसला हुआ, अब एक दिन में कभी 900 या 1000 से ज्यादा लोगों की ही जांच हो रही है। अच्छी बात तो यह है कि लोग खुद जांच करवाने फीवर क्लिनिक पर भी पहुंच रहे हैं।

### अब कुल मौत 200 के करीब, जिले में 194 तोड़ चुके दम

जिले में मौत का आंकड़ा अब 200 के करीब पहुंच चुका है। अब तक कुल 194 लोग कोरोना से दम तोड़ चुके हैं, चिंता की बात तो ये है कि इनमें से 102 मौत सिर्फ 30 दिन में ही हो गई है। जिले में 30 दिन पहले तक रोज 1 मौत ही हो रही थी, लेकिन अब एक दिन में ही 4-5 लोगों की मृत्यु हो रही है।

### खतरा : मार्च की तुलना में अप्रैल में साढ़े तीन गुना बढ़ा पॉजिटिविटी रेट

| | अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक | अप्रैल 2021 में |
|---|---|---|
| कुल टेस्ट | 94087 | 29030 |
| कुल पॉजिटिव | 5516 | 5291 |
| पॉजिटिविटी रेट | 5.86 | 18.22 |
| मौत | 92 | 102 |
| एक दिन में सर्वाधिक मौत | 2 (19 सितंबर) | 5 (23 से 29 अप्रैल) |

### 9 दिन में 2405 लोग पॉजिटिव

जिले में सिर्फ 9 दिन में 2405 लोग पॉजिटिव हो गए है। जिले में 26 अप्रैल को 299 पॉजिटिव सामने आए थे, वहीं, 28 अप्रैल को 296 संक्रमित मिले थे। 8 दिन से जिले में 200 से ज्यादा पॉजिटिव ही मिल रहे है, शुक्रवार को 255 पॉजिटिव मिले। अब तक कुल 10807 संक्रमित सामने आ चुके है।

### संक्रमित मिलने की रफ्तार बढ़ी है

लॉकडाउन का ईमानदारी से पालन करना होगा। सैंपलिंग भी बढ़ा दी है। लोग जांच करवाएं ताकि बेहतर इलाज मिल सके।
डॉ. गौरव बोरीवाल, एपिडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम

# जिले के 7832 पथ विक्रेताओं राहत राशि दी गई

रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 6.10 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को 61 करोड रुपए की राहत राशि वनक्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। प्रति हितग्राही एक हजार रूपये की राहत राशि प्रति पथ विक्रेता को प्राप्त हुई। रतलाम जिले के नौ नगरीय निकायों के कुल 7832 विक्रेताओं को लाभान्वित किया गया।

वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चौहान ने लाभ प्रदान कर संबोधित भी किया। रतलाम एन आई सी कक्ष में सब्जी विक्रेता श्री रमेश चंद्र पन्नालाल सिसोदिया मराठा मराठा रतलाम, सब्जी विक्रेता श्रीमती विद्या रमेश चंद्र सिसोदिया मराठों का वास, फल विक्रेता



राज 1-5-21

जितेंद्र प्रजापत उकाला रोड रतलाम, मटका व्यवसायी श्रीमती भावना प्रजापत उकाला रोड रतलाम, गारमेंट्स व्यवसायी विष्णु गोयल करण नगर रतलाम, चप्पल जूते विक्रेता अशोक सिसोदिया सुभाष नगर रतलाम ने मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पीओ डूडा श्री अरुण कुमार पाठक, उपायुक्त नगर निगम विकास सोलंकी, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया एवं नितिन तिवारी उपस्थित थे।

## सीएम ने पथ विक्रेताओं को दी राहत राशि

रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को प्रदेश के 6.10 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को 61 करोड रुपए की राहत राशि वन क्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। प्रति हितग्राही एक हजार रुपए की राहत राशि प्रति पथ विक्रेता को प्राप्त हुई। रतलाम जिले के नौ नगरीय निकायों के कुल 7832 विक्रेताओं को लाभांवित किया गया। रतलाम एनआईसी कक्ष में सब्जी विक्रेता रमेशचंद्र सिसोदिया, विद्या सिसोदिया निवासी मराठों का वास, फल विक्रेता जितेंद्र प्रजापत निवासी उकाला रोड, मटका भावना प्रजापत, गारमेंट्स व्यवसायी विष्णु गोयल, चप्पल जूते विक्रेता अशोक सिसोदिया निवासी सुभाष नगर रतलाम ने मुख्यमंत्री को सुना। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पीओ डूडा अरुण कुमार पाठक, उपायुक्त नगर निगम विकास सोलंकी, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया एवं नितिन तिवारी उपस्थित थे। पत्रिका 1-5-21

रतलाम



# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पथ विक्रेताओं को दी राहत राशि

## जिले के 7832 पथ विक्रेता लाभान्वित

रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 6.10 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को 61 करोड रुपए की राहत राशि वनक्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। प्रति हितग्राही एक हजार रूपये की राहत राशि प्रति पथ विक्रेता को प्राप्त हुई।

रतलाम जिले के नौ नगरीय निकायों के कुल 7832 विक्रेताओं को लाभान्वित किया गया। वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाभ प्रदान कर संबोधित भी किया। रतलाम एन आई सी कक्ष में सब्जी विक्रेता रमेश चंद्र पन्नालाल सिसोदिया मराठा मराठा रतलाम, सब्जी विक्रेता श्रीमती विद्या रमेश चंद्र सिसोदिया मराठों का वास, फल विक्रेता जितेंद्र प्रजापत उकाला रोड रतलाम, मटका व्यवसायी श्रीमती भावना प्रजापत उकाला रोड रतलाम, गारमेंट्स व्यवसायी विष्णु गोयल करण नगर रतलाम, चप्पल जूते विक्रेता अशोक सिसोदिया सुभाष नगर रतलाम ने मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पीओ डूडा श्री अरुण कुमार पाठक, उपायुक्त नगर निगम विकास सोलंकी, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया एवं नितिन तिवारी उपस्थित थे।

इन्डेक्स 1-5-2021